तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 6 दिसंबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 दिव्यांग बच्चों में सामान्य की अपेक्षा कुशल व...



12 महतारी वंदन योजना की राशि महिला का सुरक्षा ...



## नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव पर भाजपा संगठन प्रमुखों, जिला अध्यक्षों व विधायकों से हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय ने 5 दिसंबर को कांकेर के विश्रामगृह में बस्तर संभाग के संगठन प्रभारी, भाजपा के विधायक व सभी जिलों के जिलाध्यक्ष से बंद कमरें में लगभग डेढ़ घंटे तक गुफ्तगू किया। इस दौरान संगठन चुनाव, नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव पर चर्चा किए जाने की बात सामने आई है। कांकेर के विश्रामगृह में निर्धारित समय दोपहर 12 बजे से बैठक शुरू होनी थी। रायपुर से भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय एक साथ पौने 12 बजे विश्रामगृह पहुँचे, जहाँ पर अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी, विधायक आशाराम नेताम, भाजपा के जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, जिला मंत्री राजीव लोचन सिंह, जयंत अटभैया व अन्य नेताओं ने स्वागत किया। स्वागत के उपरांत क्षेत्रीय संगठन मंत्री व प्रदेश संगठन मंत्री बैठक कक्ष में पहुँचे और बैठक प्रारंभ किया। बैठक में सबसे पहले संगठन चुनाव को लेकर चर्चा किया गया और बताया गया कि मंडल के चुनाव में समन्वय बनाकर चुनाव करना है, कहीं से भी किसी भी तरह का विवाद सामने नहीं आना चाहिए। संगठन प्रमुखों ने उपस्थितजनों से कहा कि मंडल चुनाव में संगठन के नियमों का पालन करते हुए चुनाव करवाना है, किसी भी मंडल में चुनाव को लेकर विवाद नहीं होना चाहिए, सभी चुनाव समन्वय बनाकर करना है। इसके उपरांत नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कहा कि सरकार की योजनाओं को जन जन तक मुहल्ले में बैठक करके पहुँचाएं। पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवार ज्यादा से ज्यादा जीतकर आएं, इसके लिए योजना अभी से बनाना शुरू कर दें, जिससे चुनाव के समय बेहतर परिणाम मिल सके।

### योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने मोहल्लों में करें बैठकें




### आयोजित बैठक में यह रहे उपस्थित

संगठन प्रमुखों के द्वारा ली गई बैठक में मंत्री केदार कश्यप, विधायक विक्रम उसेंडी, विधायक आशाराम नेताम, विधायक विनायक गोयल, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, दंतेवाड़ा विधायक व जिलाध्यक्ष चैतराम अट्टामी, संभागीय संगठन प्रभारी रजनीश सिंह, सह प्रभारी निरंजन सिन्हा, कांकेर जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, सुकमा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, बीजापुर जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार, बस्तर जिलाध्यक्ष रूप सिंह मण्डावी, नारायणपुर जिलाध्यक्ष रूपसाय सलाम, कोण्डागांव जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा उपस्थित रहे।

## वारदात : कोदागांव इलाके में इस तरह की पहली घटना, गांवों में दहशत का माहौल

# बारदेवरी-कोदागांव मार्ग पर तेंदुए के हमले से ग्रामीण की मौत से दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- वन विभाग ने घटना के बाद से इलाके मे बढ़ाया गश्त, तेंदुआ की तलाश
- पहाड़ी पर ग्रामीण की क्षत-विक्षत लाश मिली
- पीएम कर शव परिजनों को सौंपा, बनाया मुआवजे का प्रकरण

विकासखंड कांकेर के कोदागांव निवासी ग्रामीण बुधवार 4 दिसंबर को बारदेवरी मुर्गा बाजार से वापिस कोदागांव जा रहा था और टर्निंग पर देर शाम लगभग साढ़े 7 बजे पुलिया पर आराम करने लेट गया, उसी समय पहाड़ से उतरकर तेंदुआ ग्रामीण को उठाकर पहाड़ की ओर ले गया। ग्रामीणों ने 5 दिसंबर को खोजा, तब ग्रामीण का शव क्षतविक्षत हालत में पहाड़ पर मिला। कोदागांव सरपंच पंचूराम नायक ने बताया कि 4 दिसंबर की सायं 7 बजे मेरे पास फोन आया कि एक आदमी को जंगली जानवर खींचकर जंगल की ओर ले जा रहा था और यह जानकारी कोदागांव व अन्य गांव को हुई। खबर मिलते ही मैं भी वहाँ पहुँचा और पुलिया के पास ही एक गमछा पड़ा था, जिसकी मैने फोटो खींचकर गांव के लोगों के पास पहचान के लिए भेजा।

एक युवक ने बताया कि यह गमछा कोदागांव बाजारपारा निवासी 35 वर्षीय द्वारका पिता स्व. भानुराम का है। मैने इसकी जानकारी वन विभाग और पुलिस को दिया। वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और ग्रामीण को खोजने के लिए पहाड़ पर चढ़े। पुलिया से लगभग 150 मीटर की दूरी तक जंगली जानवर ग्रामीण को खींचकर ले गया था और पूरे शरीर को क्षत विक्षत कर दिया था। वन विभाग, पुलिस विभाग और ग्रामीणों की मदद से शव को पहाड़ से नीचे लाकर पंचनामा तैयार करके शव को धनेलीकन्हार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मरचुरी में रखवाया गया। इस तरह की यह इस क्षेत्र में पहली घटना है।





### घर को पालने वाला कोई नहीं

सरपंच ने बताया कि उसकी शादी हुई थी, परंतु पांच साल पहले तलाक हो गया था। मृतक की दो बहने और माँ है, उसी के साथ रहता था। मजदूरी करके घर को चलाता था। ग्रामीण के मौत हो जाने के बाद पूरा घर बेघर हो गया। परिवार बहुत ही गरीब है, वन विभाग से मदद की गुहार परिजनों ने लगाई है।

### पीएम कर शव परिजनों को सौंपा

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शव का पीएम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार में करवाया गया और पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया। वन विभाग ने बताया कि प्रकरण दर्ज किया गया है और उसके उपरांत मृतक परिवार को मुआवजा राशि दिलवाया जाएगा।

### जंगली जानवरों का आतंक बना चुनौती

यह घटना क्षेत्र में जंगली जानवरों की बढ़ती गतिविधियों की ओर इशारा करती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है। वन विभाग ने तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दिया है।

### मुआवजा प्रकरण तैयार किया गया

वन परिक्षेत्र अधिकारी रहमान खान ने बताया कि घटना स्थल पहुँचकर बीती रात को पंचनामा तैयार कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मुआवजा का प्रकरण तैयार कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आसपास गाँव मे मुनादी करवाया गया है और लोगों को अंधेरे में निकलने के लिए मना किया गया है। वन विभाग की टीम बीती रात से लगातार गस्त कर रही है।

## बकाया भुगतान की मांग पर राइस मिलरों ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला राईस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विभिन्न माँगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 5 दिसंबर को किया गया और मुख्यमंत्री के नाम पर माँग का ज्ञापन प्रशासन को सौंपा गया।

धरना प्रदर्शन कर रहे जिले के राईस मिलर के मालिकों ने बताया कि विगत 3 वर्षों से हमारे मिलरो को ट्रांसपोर्टिंग, एफआरके, बारदाना एवं सीएमआर राशि अप्राप्त होने से हमारें मिलरो की जमा पूंजी सहित बैंक व अन्य व्यवस्थाएं चरमरा गई है और आर्थिक हालत गंभीर बनी हुई है। सीएमआर वर्ष 2024-25 में अनुबंध नियमों को लेकर कंडकाओं में बहुत सारी विसंगतियां है, जिससे सीएमआर कार्य करना अति दुर्लभ हो गया है। राईस मिलरों के मालिकों का कहना है कि जब तक हमारे सभी पूर्व बकाया राशि का भुगतान नहीं हो जाता एवं आगामी अनुबंध कंडिकाओं में सुधार नहीं किया जाता तब तक हम सीएमआर कार्य करने में असमर्थ हैं। राईस मिलरों ने अभी तक धान का उठाव नहीं किया है, जिससे खरीदी केंद्रो पर धान जाम हो गया है और इससे किसानों का दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। तीन दिन बाद मौसम साफ हुआ है और मौसम विज्ञान फिर से चेता रहा है कि 8 दिसंबर से मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिल सकता है। क्षेत्र का किसान धान उठाव नहीं होने से परेशान हो गया है। किसानों का कहना है कि धान का उठाव नहीं होने से क्षेत्र के किसान परेशान हो रहे है।

आयोजित धरना प्रदर्शन में सर्वेश सिंह, सर्वेश सिंह चौहान, भोलू किरी, यूसुफ भाई, ललित लहरा, गुलाम मुस्तफा, गोपाल राठी, राजकुमार राठी, शब्बीर मेमन, मो. हनीफ, मो. फिरोज, मो. रेहान, प्रमोद चोपड़ा, मो. शरीफ, मो. जाकिर व अन्य उपस्थित रहे।

## आत्मानंद महाविद्यालय में एड्स जागरूकता पर हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में एड्स जागरूकता दिवस के पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित अभियान में मुख्य अतिथि डॉ. सागर ठाकुर मेडिकल ऑफिसर एवं विशिष्ट अतिथि ए रेशम वारे ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सार्थक किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार साहू ने कार्यक्रम में अध्यक्षता की भूमिका निभायी। मुख्य अतिथि डॉ. सागर ठाकुर ने एक विशेष सन्देश से कार्यक्रम की शुरुआत किया, जिसका उद्देश्य एचआईवी एड्स से संबंधित भ्रांतियों को दूर करना और लोगों को सही जानकारी प्रदान करना है।

कार्यक्रम में एचआईवी टेस्टिंग और एड्स उपचार के महत्व को बढ़ावा देने के साथ-साथ, यह भी सुनिश्चित करने की बात कही गयी कि, सभी लोग बिना भेदभाव के चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठा सकें। मुख्य अतिथि डॉ. सागर ठाकुर ने कहा विश्व एड्स दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी को मिलकर एचआईवी एड्स के खिलाफ लड़ाई लड़नी है। यह समय है जब हमें समाज में फैली गलतफहमियों को दूर करना होगा और इस बीमारी से जूझ रहे लोगों के साथ खड़ा होना ▶▶| शेष पेज 10 पर

## शारीरिक दक्षता पास करने ग्रामीण अंचल के परीक्षार्थी कर रहे मेहनत



- प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए दिया जा रहा प्रशिक्षण

**भानुप्रतापपुर।** दूरस्थ क्षेत्र के गांव से आकर भानुप्रतापपुर में प्रतिदिन सुबह और शाम को शारीरिक दक्षता में उत्तीर्ण होने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। प्रशिक्षण दे रहे शारीरिक प्रशिक्षक नंदकिशोर ख़ुरसेल, सहायक नंदलाल दुग्गा ने बताया कि 10 मार्च सेहाई स्कूल मैदान में एसएससी जीडी, जिला पुलिस, फॉरेस्ट गार्ड, सब इंस्पेक्टर के शारीरिक दक्षता और परीक्षा का तैयारी कराई जाती है। सभी बच्चे जिले ग्रामीण अंचल के निवासी हैं और सभी आसपास के गांव से है। सभी बच्चे स्वयं के किराया से रहते हैं। सभी बच्चे यहां पर अपने सपनों को पूरा करने के उद्देश्य से आए हैं, निम्न परिवार से आते हैं। साथ ही जिनके पास जूता नहीं है वह भी उपलब्ध कराया जाता है। अभी वर्तमान में नगर सेना का शारीरिक दक्षता परीक्षा हुआ, जिसमें संस्था से 17 बच्चियों ने फिजिकल क्लियर किया है। प्रथम प्रयास में साथ ही एक लड़के ने एसएससी जीडी का रिटर्न फिजिकल और मेडिकल पूरा क्लियर कर लिया है। आगे भी प्रयास है की अधिक से अधिक बच्चे वर्तमान भर्ती परीक्षा में सफल हो। बच्चे मेहनत कर रहे हैं उनका पूरा ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने मनाया गया नींव तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2024-25 अंतर्गत जिले में स्वीकृत प्रकरणों में तेजी लाने तथा शासन की मंशानुसार ग्रामीणों को आवास का लाभ दिलाने और उन्हें आवास निर्माण के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले की सभी जनपद पंचायतों के अधीन ग्रामों में नींव तिहार मनाया गया।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2024-25 में स्वीकृत आवास जो अप्रारंभ स्तर पर है, उन्हे प्रारंभ करने के लिए बुधवार 04 दिसम्बर को नींव तिहार मनाते हुए नींव की खुदाई की गई, जिसे पूरे कांकेर जिले में उत्साहपूर्वक मनाया गया। उन्होंने बताया कि नींव तिहार के आयोजन के दौरान हितग्राहियों को पक्के आवास के लाभ से अवगत कराया गया और साथ ही सभी स्वीकृत प्रकरणों के हितग्राहियों को आवास का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने का आग्रह भी किया गया। जिला पंचायत के सीईओ ने बताया कि कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में नींव तिहार के तहत जिले में कुल 01 हजार 843 स्वीकृत आवासों का भूमिपूजन कर नींव की खुदाई की गई। इनमें अंतागढ़ जनपद पंचायत में 258, भानुप्रतापपुर में 323, चारामा में 170, दुर्गूकांदल में 383, कांकेर में 194, कोयलीबेड़ा में 308 तथा नरहरपुर जनपद पंचायत के तहत 207 आवासों के निर्माण के लिए ▶▶| शेष पेज 10 पर

### धान की सुरक्षा के लिए मंडी प्रशासन अलर्ट, किसानों को होगी परेशानी

# मौसम फिर बदलेगा, 8 से बारिश और तापमान में गिरावट संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- बस्तर संभाग के जिलों में बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी से बढ़ेगी ठंडी

प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने का अनुमान मौसम विभाग ने जारी किया है। उत्तर दिशाओं से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं के कारण तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा 8 से 10 दिसंबर के बीच बेमौसम बारिश के भी आसार बताए जा रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछले तीन दिनों से बदली की वजह से ठंड गायब हो गई है। तापमान में भी 6 डिग्री तक इजाफा देखने को मिला है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन प्रारंभ हो गया है, जबकि बस्तर संभाग के जिलों में बंगाल की खाड़ी से अभी भी नमी आ रही है। इसके कारण प्रदेश के मध्य और उत्तर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। बस्तर संभाग के दक्षिणी भाग में हल्की वर्षा होने अथवा छींटे पड़ने की संभावना है। अगले तीन दिनों जिले में 5 से 6 डिग्री तक न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है। मध्य भाग में तीन से चार डिग्री गिरावट होने की संभावना है तथा बस्तर संभाग के जिलों में एक से दो डिग्री तक गिरावट हो सकती है। 8, 9 और 10 दिसंबर को वर्षा की संभावना है। 8 दिसंबर को बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में सीमित रहने की संभावना है, जबकि 9 और 10 दिसंबर को प्रदेश के अनेक जिलों में वर्षा संभावित है।



### धान सुरक्षित रखना चुनौती

ज्ञात हो कि प्रदेशभर में इस समय धान खरीदी चल रही है। हजारों की संख्या में किसानों ने अपनी उपज काट ली है और अब बेचने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में बारिश की संभावना जताए जाने से उनके सामने भी कटी हुई फसल को सुरक्षित रखने की चुनौती आ गई है। फसल को भीगने से बचाने के लिए उन्हें तैयारी करनी पड़ेगी, वहीं उपार्जन केंद्रों में भी खुले में पड़े धान को कवर करना जरूरी हो गया है।

### तापमान सात डिग्री तक चढ़ा

बदली छाने का असर तापमान में भी देखने को मिला है। सप्ताहभर के भीतर ही अंचल के न्यूनतम तापमान में लगभग सात डिग्री का अंतर आया है। 29 नवंबर को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री पर था, जो बुधवार को बढ़कर 20 डिग्री पर पहुंच गया है। अंचल का अधिकतम तापमान बुधवार को 31 डिग्री पर रहा, जबकि सप्ताहभर पहले 29 नवंबर को यह 26 डिग्री पर था।

## पीएमश्री विद्यालय में लिया गया स्क्रीनिंग टेस्ट



**दुर्गुकोंदल।** पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल में 5 दिसबंर को जिला प्रशासन जिला उत्तर बस्तर कांकेर के अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए अभिनव पहल मावा मोदोल परीक्षा स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। यह परीक्षा मावा मोदोल योजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी व अन्य संवर्ग के छात्र -छात्राओं के जीवन स्तर को सुधारने एवं शासकीय नौकरी इच्छुक विद्यार्थियों की मदद के लिए प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी के मावा मोदोल स्क्रीनिंग ▶▶| शेष पेज 10 पर

**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### मानसिक रोगी महिला का इलाज सेंदरी बिलासपुर में

**नरहरपुर।** ग्राम भनसुली थाना नरहरपुर निवासी बसदेव शोरी अपने पत्नी हरियानो बाई का मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने कि जानकारी विधिक स्वयं सेवी को दिया, जिसके पश्चात उक्त जानकारी थाना नरहरपुर थाना प्रभारी सुरेश राठौर को दिया गया। नरहरपुर पुलिस ने डा. विमल भगत ( मनोरोग विशेषज्ञ) के पास ले जाकर मेडिकल कराया गया जिसके पश्चात उचित इलाज के लिए बिलासपुर सेंदरी भेजने का सुझाव दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेंद्र वासनीकर के आदेशानुसार नरहरपुर थाना महिला आरक्षक पूर्णिमा मरकाम तथा विधिक स्वयं सेवी वर्षा पोया के द्वारा महिला को बिलासपुर सेंदरी सुरक्षित भिजवाया गया।

### संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा का शुभारंभ



**दुर्गुकोंदल।** संकुल केंद्र कलंगपुरी अंतर्गत ग्राम आमापारा सिवनी में बाल क्रीड़ा दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में 7 प्राथमिक शाला और 3 माध्यमिक शाला के करीब 250 बच्चे ने हिस्सा लिया। शुभारंभ के अवसर पर सरपंच शकुंतला भुआर्य, गोंडवाना समाज ब्लॉक अध्यक्ष झाड़ूराम उयका, ग्राम पटेल रामूराम मंडावी, सरपंच उमेश्वरी मंडावी, वार्ड पंच जगदूराम मंडावी, मनकेर मतलामी, ग्राम गायता दीनदयाल मंडावी, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सर्पदंश से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** लोहत्तर थानांतर्गत लोहत्तर निवासी 38 वर्षीय ईश्वर यादव को जहरीले साप ने काट लिया। जहर फैल जाने के कारण 2 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। राउतपारा लोहत्तर निवासी घनश्याम यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक को साप ने काट लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मृत्यु प्रकरण पर 25-25 हजार रुपए स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में मृतक के परिजनों को 25-25 हजार रूपएं की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। नरहरपुर तहसील के ग्राम डुडूमबाहरा निवासी चंद्रकांत वट्टी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी रिखीबती के लिए 25 हजार रूपये और सरोना तहसील के ग्राम धनोरा निवासी चिंरजीव कुमार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने उनके निकटतम आश्रित राजबाई को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### जहर सेवन से बुजुर्ग की मौत, जांच जारी

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्राम लालमाटवाड़ा निवासी 70 वर्षीय रधुवर पटेल का जहर सेवन करने से मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने की वजह से 3 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**खबर संक्षेप**

### रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की सामान्य सभा होगी 20 को

**कोण्डागांव।** जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा का संचालन किया जा रहा है। उक्त सोसायटी के अन्तर्गत वार्षिक सामान्य सभा की बैठक आयोजन 20 दिसंबर को निर्धारित किया गया है। उक्त बैठक में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोण्डगांव के द्वारा किये जाने वाले कार्यों का एजेंडा एवं सोसायटी के सफल संचालन के संबंध में चर्चा किया जाएगा। इसका आयोजन जिला कार्यकाल के सभाकक्ष में किया गया है। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोण्डागांव के सभी सदस्यों को 20 दिसंबर को दोपहर 2 बजे उपस्थित होने की अपील की गई है।

### डिस्ट्रिक रिसोर्स पर्सन पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव।** केन्द्र सरकार द्वारा सूक्ष्म उद्यमों को साझा सेवाओं के लाभ लेने हेतु कृषक उत्पादक संगठनों एवं स्वयं सहायता समूहों, उत्पाद सहकारिताओं तथा सहकारी समितियों को उनकी सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला में सहायता के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, में संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना संचालित है। इस योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित इच्छुक व्यक्तियों का प्रकरण तैयार करने के लिए ड्रिरिक रिसोर्स पर्सन नियुक्त किया जाना है। योजनातंर्गत ड्रिरिक रिसोर्स पर्सन पद के लिए जिले के स्नातक, बैंक मित्र, रिटायर पर्सन, वित्तीय सलाहकार जैसे लोग नियुक्त किये जायेंगे। इच्छुक व्यक्ति अपनी आवश्यक दस्तावेज मार्कशीट, आधार कार्ड, बैंक पास बुक फोटोकापी के साथ जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सुमति कॉम्पलेक्स डी.एन.के. कॉलोनी पशु चिकित्सालय के सामने कोण्डागांव में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं।

# मुठभेड़ में शहीद जवान बिरेंद्र कुमार सोरी को दिया गया गार्ड आफ आनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले में पुलिस और नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए जवान प्रधान आरक्षक बिरेंद्र कुमार सोरी को गुरुवार को अंतिम सलामी दी गई। नारायणपुर डीआरजी के बहादुर बेटे के शौर्य को नमन करने काफी संख्या में लोग पहुंचे। गृहग्राम भरीमपानी नरहरपुर, जिला कांकेर में शाम को अंत्येष्टि कार्यक्रम हुआ। इसके पहले घटनास्थल से हेलीकॉप्टर की मदद से विभाग की टीम ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को जिला अस्पताल ले गई। वहां पर शहीद को गार्ड आफ आनर दिया गया।

जानकारी के अनुसार नक्सल विरोधी सर्च अभियान में नारायणपुर डीआरजी तथा बीएसएफ की संयुक्त पार्टी अबूझमाड़ इलाके के पुलिस स्टेशन सोनपुर और कोहकामेटा सीमावर्ती क्षेत्र के लिए रवाना हुई थी।

बुधवार को दोपहर 1 बजे से संयुक्त सुरक्षाबलों की टीम और नक्सलियों के बीच रुक रुक कर फायरिंग होने लगी। मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों से भीषण लड़ाई लड़ते हुए डीआरजी नारायणपुर के प्रधान आरक्षक बिरेंद्र कुमार सोरी मौके पर ही शहीद हो गए। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में जवान बिरेन्द्र कुमार सोरी के शहीद होने के बाद नक्सली उनका हथियार लूट कर ले गए। बिरेंद्र कुमार सोरी के पास एके 47 हथियार थी, जिसे नक्सलियों ने लूट लिया। इस बात की पुष्टि बस्तर आईजी पी सुंदर राज ने की है।

**गृहग्राम भरीमपानी नरहरपुर कांकेर में हुआ अंतिम संस्कार**





### 2018 में प्रधान आरक्षक के पद पर हुए थे पदोन्नत

शहीद जवान बिरेंद्र कुमार सोरी 2010 में नारायणपुर जिला बल में आरक्षक के पद में भर्ती हुए थे। सन 2018 में नक्सल ऑपरेशन में वीरतापूर्ण कार्य के लिए क्रम से पूर्व प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुए थे। शहीद जवान के पार्थिव शरीर को जिला मुख्यालय लाया गया। जहां पर शहीद डीआरजी के हेड कांस्टेबल सोरी को पुलिस लाइन में अंतिम सलामी दी गई।

**अपराध : धान मिंजाई के बाद आधी रात शराब पार्टी कर रही पत्नी को डांटा**

# शराब पीने को लेकर हुए विवाद पर पड़ोसी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

थाना उरंदाबेड़ा अंतर्गत ग्राम कुलानार में धान मिंजाई के बाद आयोजित पार्टी के दौरान शराब पीने को लेकर हुए विवाद ने हत्या का रूप ले लिया। पड़ोसी सगाराम मण्डावी ने मंशाराम नेताम की पीट–पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

- रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे में हत्या करने वाले को भेजा गया जेल

पुलिस के अनुसार 3 दिसंबर को रात करीब 9:30 बजे मंशाराम नेताम की पत्नी सगनी बाई नेताम पड़ोसी सगाराम मण्डावी के घर धान मिंजाई के बाद पार्टी में गई थीं। देर रात तक पत्नी के घर न लौटने पर मंशाराम उसे बुलाने वहां पहुंचा। उसने अपनी पत्नी और आरोपी को शराब पीते देखा, जिस पर उसने दोनों को डांटा और गाली–गलौज की। इस पर नाराज होकर सगाराम मण्डावी ने मंशाराम को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। लात–घूंसे व मुक्कों से उसकी पिटाई कर दी। इस हमले से मंशाराम गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। आरोपी ने उसे उसके घर में छोड़ दिया लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।



### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

मंशाराम की पत्नी की शिकायत पर थाना उरंदाबेड़ा में अपराध क्रमांक 12/2024 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भा.पु.से. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र पटेल और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अनिल विश्वकर्मा के निर्देशन में जांच की गई। घटना स्थल से खून सनी मिट्टी और अन्य साक्ष्य जब्त किए गए। आरोपी सगाराम मण्डावी 45 वर्ष को 4 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

### ससुर निकला दामाद का हत्यारा

**सुकमा।** दोरनापाल निवासी दीपक सिंह के साथ मारपीट और इलाज के दौरान मौत के मामले को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। सुसर मड़कम राजा ही दीपक सिंह का हत्यारा निकला। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया जहां से उसे जेल सुकमा में भेजा गया। इस मामले को सुलझाने में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दोरनापाल निशांत पाठक के साथ थाना प्रभारी दोरनापाल शशिकान्त सिन्हा एवं थाना स्टाफ का सहयोग रहा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दीपक की पत्नी पुजा मड़कम ने 1 नवंबर की रात को दोरनापाल थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। जिसमें उसने बताया कि रात करीब 7-8 बजे के मध्य किसी अज्ञात हमलावर ने उसके पति दीपक सिंह पर डण्डे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे उसके पति बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। आसपास के लोगो से सूचना मिलने के बाद घायल को इलाज हेतु पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान दीपक की मौत हो गई। प्रार्थिया पूजा मड़कम की रिपोर्ट पर दोरनापाल थाने में अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। दोरनापाल पुलिस द्वारा सीसीटीव्ही फूटेज, गवाहों एवं अन्य तकनीकी साधन से आरोपी को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के अनुसार बेटी-नातिन के साथ हो रहे पारिवारिक हिंसा से परेशान था। इसलिए हत्या करने का प्लान बनाया।



# रासेयो ने नशामुक्ति के लिए निकाली रैली ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



राष्ट्रीय सेवा योजना अध्ययन इकाई चिपावंड द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य समापन नशामुक्ति रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। यह शिविर डॉ. डी.एल. पटेल कार्यक्रम समन्वयक, शशि भूषण कन्नौजे जिला संगठक और प्राचार्य चंद्रेश कुमार चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को न केवल ग्रामीण विकास कार्योर् में व्यस्त रखा गया, बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए योगाभ्यास भी कराया गया। प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम, वृक्षासन, चक्रासन और अन्य योगासन सीखे। इसके साथ ही कराटे और पीटी का भी प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के दौरान गांव में कई विकासात्मक कार्य किए गए। इनमें तालाब और नालियों की सफाई, सड़क मरम्मत, शाला परिसर, पंचायत भवन और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास स्वच्छता अभियान प्रमुख रहे। इसके अलावा, नलों के पास सोख्ता गड्ढों की मरम्मत का भी कार्य किया गया। शिविर में विभिन्न विषयों पर बौद्धिक चर्चाएं आयोजित की गईं। स्वास्थ्य, शिक्षा, नशामुक्त समाज, बाल सुरक्षा, पशुधन और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। साथ ही स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार रखे। गांव में एक नशा मुक्ति रैली निकाली गई, जिसमें स्कूली बच्चे, युवा और ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। रैली ने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जागरुकता सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वच्छता, शिक्षा, अंधविश्वास, नशा मुक्ति, बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसे गंभीर विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन किया गया। इन प्रस्तुतियों ने ग्रामीणों के बीच सामाजिक सुधार की भावना को मजबूत किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आर.के. जैन पूर्व जिला संगठक ने कार्यक्रम की सराहना की। विशेष अतिथि जयसिंह सोरी सरपंच ने शिविर को ग्रामीण विकास और जागरूकता के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य चंद्रेश कुमार चतुर्वेदी ने की। ग्रामीणों और स्वयंसेवकों के सामूहिक प्रयासों से यह शिविर न केवल विकास कार्योर् में मील का पत्थर साबित हुआ बल्कि सामाजिक सुधार और जागरूकता का संदेश भी प्रभावी ढंग से प्रसारित करने में सफल रहा।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर मोहन लाल बोगा कार्यक्रम अधिकारी, जगदीश नेताम, संतुराम नेताम, सालिकराम नाग, सोमनाथ नेताम, सरोजनी ध्रुव, यमुना मरकाम और अन्य ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे।

# विष्णु के सुशासन में आत्मनिर्भर हो रहीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर होकर आर्थिक सशक्तिकरण की ओर आगे बढ़ रही हैं। राज्य शासन महिलाओं के हित के लिए दृढ़संकल्पित है। शासन की योजनाओं से उन्हें आत्मसम्मान के साथ हर क्षेत्र में जीवन आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। आज महिलाएं आर्थिक समृद्धि की ओर कदम बढ़ाते हुए स्वयं आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार के जीविकोपार्जन में भी सहयोग कर रही हैं।

- महतारी वंदन योजना से फुलेश्वरी को बच्चों की पढ़ाई में मिल रही मदद

महतारी वंदन योजना जिले की कई महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। पहले घर–परिवार का गुजारा पति की कमाई से होता था और अपने छोटे छोटे जरूरतों की पूर्ति के लिए भी उन्हें निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन अब शासन की योजनाओं से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई हैं बल्कि परिवार चलाने में भी आर्थिक सहयोग कर रही हैं। ग्राम बनियागांव की रहने वाली फुलेश्वरी दीवान जैसे ग्रामीण महिलाओं के जीवन में यह योजना सकारात्मक एवं सुखद बदलाव ला रही है। फुलेश्वरी ने बताया कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली हर महीने की राशि उनके परिवार के खर्चों के वहन में मददगार साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि उनके दो बच्चे हैं, बेटी कक्षा 8वीं में पढ़ती हैं और बेटा कक्षा 02 में है। उनके पति खेती के साथ–साथ मिस्त्री का काम भी करते हैं। जिससे परिवार का पालन–पोषण होता है। हालांकि दो बच्चों की पढ़ाई और अन्य खचोंर् को लेकर अक्सर उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### मिलने वाली राशि परिवार के सहारा



ऐसे में महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह मिलने वाली एक हजार रुपए की राशि उनके परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा बनी है। इस योजना ने न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार किया है, बल्कि फुलेश्वरी में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए एक नई उम्मीद जगाई है। हर महीने मिलने वाली इस राशि से परिवार चलाने के लिए आर्थिक भार को कम करने में काफी हद तक राहत मिली है। जिससे उनका परिवार पहले से बेहतर तरीके से जीवनयापन कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को हर महीने मिल रही सहायता राशि के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना से परिवार की बेहतर देखभाल और बच्चों की शिक्षा में भी मदद मिल रही है।

# जिला अस्पताल में नारायण सेवा समिति ने किया भोजन वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला अस्पताल में नारायण सेवा समिति के द्वारा एक विशेष भोजन वितरण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान अबूझमाड़ के नक्सल प्रभावित सुदूर क्षेत्रों से उपचार के लिए आने वाले मरीजों के परिजनों को राहत प्रदान कर रहा है। अभियान 23 मई 2024 को बुद्ध पूर्णिमा के दिन आरंभ किया गया था और तब से यह निरंतर जारी है। समिति के लगभग 20 से 25 सदस्य इस कार्य में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। भोजन वितरण हर दिन दो समय, दोपहर 12 बजे और शाम 7 बजे किया जाता है। नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष ने कहा, हमारा उद्देश्य मरीजों के परिजनों को राहत देना है, जो सुदूर इलाकों से यहां आकर ठहरते हैं और भोजन की कमी से जूझते हैं। यह अभियान हमारे सामाजिक उत्तरदायित्व का हिस्सा है। अस्पताल में आए मरीजों के परिजनों ने समिति की इस पहल की सराहना की है। एक लाभार्थी ने बताया, यह भोजन सेवा हमारे लिए बहुत मददगार है। हम दूर-दराज से आते हैं और अस्पताल में रुकते समय भोजन की व्यवस्था एक बड़ी समस्या थी। नारायण सेवा समिति का यह प्रयास समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। स्थानीय प्रशासन ने भी इस पहल की प्रशंसा की है और इसे एक अनुकरणीय कदम बताया है। समिति ने आगे भी इस सेवा को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है और अन्य संस्थाओं एवं लोगो से भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सहयोग की अपील की है।

# अधिसूचित 6 उद्यानिकी फसलों का बीमा 31 तक

**कांकेर।** जिले में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है, जिससे प्राकृतिक आपदाओं से फसल प्रभावित होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सके।

सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के उद्यानिकी विभाग द्वारा रबी वर्ष 2024 के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए किसानों का पंजीयन 31 दिसम्बर 2024 निर्धारित किया गया है। अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी किसान योजना का लाभ ले सकते हैं। ऋणी किसान जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते हैं, उन्हे भारत सरकार द्वारा जारी प्रपत्र अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र रबी के लिए 31 दिसम्बर तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। संबंधित बैंक द्वारा स्वीकृत एवं नवीनीकृत किए गए अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऋणी कृषक बीमित फसल में परिवर्तन करा सकते हैं। इसके लिए रबी मौसम में नामांकन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर के 07 दिवस पूर्व इसकी सूचना संबंधित बैंक शाखा में दे सकते हैं। अधिसूचित फसल लगाने वाले सभी अऋणी किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ नवीनतम आधार कार्ड, नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र बी-1. पी-2 की कॉपी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की छायाप्रति, फसल बुआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, किसान वैध मोबाइल नंबर, बंटाईदार, काश्तकार, साझेदार, किसानों के लिए फसल साझा, काश्तकार का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा।

जिले में उद्यानिकी फसलों के बीमा के लिए भारतीय कृषि बीमा कंपनी को अधिकृत किया गया है। रबी फसल के लिए प्रति हेक्टेयर टमाटर फसल के लिए बीमित राशि 88 हजार एवं किसान प्रीमियम राशि 4,400 रूपए है। इसी तरह बैंगन के लिए बीमित राशि 57 हजार रूपए एवं किसान प्रीमियम राशि 2850 रूपए, फूलगोभी के लिए बीमित राशि 54 हजार एवं किसान प्रीमियम राशि 2700 रूपए, पत्तागोभी के लिए बीमित राशि 54 हजार रूपए एवं किसान प्रीमियम राशि 2700 रूपए, प्याज के लिए बीमित राशि 55 हजार एवं किसान प्रीमियम राशि 2750 रूपए तथा आलू के लिए बीमित राशि 96 हजार एवं किसान प्रीमियम राशि 4800 रूपए है। इसके साथ ही किसान उपरोक्त फसल के लिए अतिरिक्त/एड-ऑन कवरेज भी करवा सकते हैं।

# चिराग परियोजना अंतर्गत उद्यानिकी गतिविधियों का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखण्ड माकड़ी एवं बड़ेराजपुर के चिन्हित ग्राम में से निहित ग्राम टेंवसा, कोगेरा, कलगांव एवं खजरावंड में चिराग परियोजना अन्तर्गत एक दिवसीय कृषक परिवार प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें 225 कृषक परिवार सदस्य शामिल हुए। प्रशिक्षण में पोषण एवं बागवानी क्रियाकलाप के घटक पोषण, व्यक्तिगत बाड़ी, बाड़ी फेंसिंग, ग्रेवेटि ड्रीप, बाड़ी फसल प्रदर्शन तथा सामुदायिक बाड़ी में की जाने वाली उद्यानिकी गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

- 225 कृषक परिवार के सदस्य हुए शामिल





साथ ही प्रशिक्षण में घटकों के अन्तर्गत प्रावधानित अनुदान सहायता राशि के बारे में विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी गई। कृषक परिवार सदस्यों को बताया गया कि प्रावधानित अनुदान राशि विभिन्न घटकों में उपयोग लाये जाने वाली आदान सामाग्री का क्रय कृषक द्वारा स्वयं की जावेगी। अनुदान राशि क्रय सामाग्री उपयोग एवं भौतिक सत्यापन के बाद अनुदान की राशि कृषक के खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम टेंवसा एवं खजरावंड में उपस्थित कृषि विज्ञान केन्द्र बोरगांव के वैज्ञानिक डॉ. सुरेश मरकाम द्वारा जैविक खेती, बीजोपचार, वार्षिक बाड़ी, खेती प्रणाली तथा समन्वित कृषि प्रणाली पर विस्तृत तकनीकी जानकारी दी गई। मौके पर विभागीय अधिकारी–कर्मचारी के अलावा विमल कुमार गौतम, सहायक संचालक उद्यान, कोण्डागांव, उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से सुकालु राम के घर लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबके लिए आवास' के उद्देश्य को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीण क्षेत्रें में निवासरत कई ग्रामीणों के पक्के मकान का सपना सच हो रहा है। यह योजना जरूरतमंद परिवारों को न केवल सुरक्षित घर उपलब्ध करा रही है बल्कि इससे हितग्राही सम्मानपूर्वक और बेहतर जिंदगी जी रहे हैं। कोण्डागांव विकासखण्ड अंतर्गत सातगांव के रहने वाले सुकालु राम पांडे को पक्का आवास मिलने से उनकी जिंदगी पहले से बेहतर हुई है। अब वे पूरे सम्मान के साथ अपने स्वयं के पक्का मकान में रहते हैं और अपने परिवार के साथ सुकून से जीवनयापन कर रहे हैं। सुकालु राम पांडे ने बताया कि पहले उनके परिवार की जिंदगी मिट्टी से बने और खपरैल वाले घर में बीत रही थी। मिट्टी के घर होने के कारण बरसात के दिनों में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इससे घर में सीलन की समस्या तो होती ही थी साथ ही खपरैल छत में पानी टपकने की समस्या से भी जूझना पड़ता है। ऐसे में उन्हें अपने परिवार के लिए एक पक्के मकान की जरूरत महसूस होती थी। लेकिन खेती किसानी से प्राप्त आय से उनके पक्के मकान का सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। ऐसी परिस्थिति में सुकालु राम के पक्का आवास के सपनों को पूरा करने में प्रधानमंत्री आवास योजना एक वरदान साबित हुई। इस योजना के तहत आज वे अपने परिवार में पत्नि और दो बच्चों के साथ सम्मानपूर्वक जीविकोपार्जन कर रहे हैं। उनके पक्के मकान में परिवार के सदस्यों को सुरक्षित वातावरण मिला है, जिससे वे पहले से बेहतर तरीके से सुकून के साथ रह रहे हैं।

- पहले मिट्टी का घर होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था
- महतारी वंदन योजना की राशि से घर की छोटी–छोटी जरुरतों के खर्चे में मिल रही सहायता

### महतारी वंदन से सुखबती पांडे को मिला आर्थिक संबल




प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने के साथ–साथ सुकालु राम की पत्नि श्रीमती सुखबती बाई को शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन का लाभ मिल रहा है। श्रीमती सुखबती ने बताया कि उन्हें प्रतिमाह महतारी वंदन की राशि मिल रही है। जिससे उन्हें घर की छोटी–छोटी जरूरतों के खर्चे में सहायता होती है। साथ ही अपने बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में भी मदद मिल रही हैं। सुकालु राम और श्रीमती सुखबती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से पक्का मकान का सपना पूरा हुआ। साथ महतारी वंदन योजना से उनके परिवार को आर्थिक संबल मिला।

### लैब टेक्नीशियन एवं वाहन चालक पद के जिए आवेदन आमंत्रित

कोण्डागांव। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दिए गये जानकारी अनुसार भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर छत्तीसगढ़ अंतर्गत कोण्डागांव में मोबाइल मेडिकल यूनिट चलित वाहन के संचालन के लिए लैब टेक्नीशियन के एक पद पूर्ति के लिए 11 दिसम्बर और वाहन चालक के एक पद की पूर्ति के लिए 12 दिसम्बर 2024 को अस्थाई संविदा भर्ती वॉक–इन इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा।

**पेज 9 के शेष**

### आत्मानंद महाविद्यालय..

होगा। प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार साहू ने इसकी सजगता के प्रति ध्यान आकर्षित करते हुए कहा, वर्ल्ड एड्स जागरूकता दिवस केवल एक दिन का अवसर नहीं है, बल्कि यह हमें एक स्थायी बदलाव की दिशा में सोचने की प्रेरणा देता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति समाज में भेदभाव और नफरत का शिकार न हों। अतिथि व्याख्याता दिनेश वर्मा ने एचआईवी एड्स एवं रेड रिबन क्लब के बारे में संछिप्त में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता विवेक मनसागर, रूपांजना जैन ने किया तथा आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक प्रियंका जायसवाल ने किया।

### शारीरिक दक्षता पास...

मार्गदर्शन हो रहा है। वर्तमान में अभी 70 बच्चे पंजीकृत हैं, जिनमें से 50 लड़कियां हैं और 20 लड़के हैं। कुछ-कुछ लड़कियों की शादी हो गई है वे भी तैयारी कर रहीं हैं।

### पीएम आवास योजना...

हितग्राहियों द्वारा भूमिपूजन कर नींव खोदी गई। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2024-25 में कुल 24 हजार 321 प्रकरण स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 22 हजार 602 आवास के लिए प्रथम किश्त की राशि पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में अंतरित की जा चुकी है। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व मैदानी कर्मचारी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### पीएमश्री विद्यालय...

टेस्ट परीक्षा का आयोजन कराया गया। जिसमें निरीक्षण परीक्षा के दौरान निरीक्षण कर्ता विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, एबीओ शोरी, प्रकाश सेन, पंकज श्रीवास्तव, एबीओ अंजनी मंडावी, उपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रा अध्यक्ष संस्था के प्राचार्य एसडी दास, परीक्षा प्रभारी मनीष गौतम और समस्त पर्यवेक्षक की उपस्थिति में परीक्षा संपन्न हुई।

## खबर संक्षेप

### महिला टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा 7 से

दंतेवाड़ा। राइसिंग वुमन संस्था द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 7-8 दिसंबर को चितालंका आउटडोर स्टेडियम, में महिला टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम प्रदर्शन मैच अधिकारी कर्मचारी के मध्य खेला जाएगा। स्पर्धा में क्रिकेट टीम्स शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास, कोर्ट 11, क्वीन 11, एलआईसी वुमन, ट्रायबल बीजापुर, सिविल, विंग्स वुमन जेडीपी, भिलाई ड्रीम 11, कोतवाली, एकलव्य बीजापुर, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स एवं कुआकोंडा की टीमें भाग लेगी। इसके अलावा इस आयोजन में महिलाओं हेतु "बाटी, चम्मच, कुर्सी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं भी रखी गयी है। साथ ही साथ आनंद मेला का भी आयोजन इस स्पर्धा के दौरान होगा। महिला टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा में विजेता टीम हेतु प्रथम पुरस्कार 31 हजार व द्वितीय पुरस्कार 21 हजार तथा तीसरे स्थान आने वाली टीम को 11 हजार रुपये दिए जाएगें।

### भाजपा नेता श्रीनिवास रेड्डी ने माना आभार

बीजापुर। भाजपा नेता श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत 15000 आवासों की स्वीकृति प्रदान की है,



मुख्यमंत्री की इस पहल से आत्म समर्पित नक्सलियों और पीड़ित परिवारों को मुख्य धारा में जोड़ा जायेगा जिससे उन्हें केवल आवास ही नहीं बल्कि उन्हें सम्मान और सुरक्षा की अनुभूति भी होंगी। उन्होंने कहा कि मै स्वंय भी नक्सल पीड़ित परिवार से हू भाजपा और सघं से जुडे होने के कारण लगभग 22 वर्ष पूर्व नक्सलियों ने भाई का अपहरण कर गांव छोड़ ने का फरमान जारी किया था, तब से गांव छोडकर यत्र-तत्र जीवन जीने को मजबूर है। श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पहल पर केंद्र कि मोदी सरकार ने आवास योजना कि स्वीकृति प्रदान कि है, जिसके लिए नक्सल पीड़ित परिवारजनों के ओर से आभार प्रकट किया है।

### साप्ताहिक बाजार में आयुष मेला 12 को, लिया जायजा



बस्तर। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी बस्तर के तत्वावधान में 12 दिसंबर को जिला स्तरीय आयुष मेला का आयोजन साप्ताहिक बाजार स्थल में किया जाएगा। गुरुवार को टीम ने स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। शिविर में सभी प्रकार के रोगों का उपचार आयुर्वेदिक होम्योपैथिक एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति के द्वारा किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ मोहनीश साहू,डॉ. जे.आर नेताम,डॉ.निखिल देवांगन, डॉ सिदार,डॉ अरुण सिंह, डॉ. विनोद सिंह,डॉ. एस आर पटनायक मौजूद रहे।

### गुरू घासीदास जयंती पर 18 को शुष्क दिवस

जगदलपुर। कलेक्टर हरिस एस ने 18 दिसम्बर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जिले में मदिरा दुकानों को बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने जिले के क्षेत्रांतर्गत 18 दिसम्बर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, एफ.एल.3 होटल बार, एफ.एल.7, एवं मद्य भण्डारण भाण्डागार को 17 दिसम्बर को रात्रि 10 बजे से पूर्णतः बंद रखने तथा अवैध शराब के विक्रय पर समुचित नियंत्रण रखने के निर्देश जारी किए हैं।

#### नाम परिवर्तन की सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम श्रीमती लक्ष्मी कोड़ोपी उम्र 42 वर्ष पति स्व. योगेश कुमार कोड़ोपी निवासी ग्राम चिनौरी, पोस्ट लखनपुरी तहसील चारामा जिला कांकेर छत्तीसगढ़ की निवासी हूँ। मेरा सही नाम श्रीमती लक्ष्मी कोड़ोपी पति स्व. योगेश कुमार कोड़ोपी है। किंतु कुछ अंकसूचियों में मेरा नाम लक्ष्नी अंकित हो गया है तथा यही नाम मेरी सर्विस पुस्तिका में भी अंकित है। मेरे पेन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड में मेरा नाम श्रीमती लक्ष्मी कोड़ोपी ही अंकित है। सर्विस पुस्तिका में दर्ज नाम का सुधार कर सर्विस बुक के कालम में श्रीमती लक्ष्मी कोड़ोपी पति स्व. योगेश कोड़ोपी दर्ज किया जाना है। मैं श्रीमती लक्ष्मी कोड़ोपी पति स्व. योगेश कोड़ोपी एवं लक्ष्नी कोड़ोपी पति स्व. योगेश कोड़ोपी दोनो एक ही महिला है, चूंकि मेरी जो सर्विस बुक में श्रीमती लक्ष्नी के स्थान पर श्रीमती लक्ष्मी कोड़ोपी पति स्व. योगेश कोड़ोपी दर्ज किया जाए।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, सरकारी संगठन, गैर सरकारी संगठन, रक्षा एवं वृत्त संस्थान या अन्य किसी भी व्यक्ति या संस्थान को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के तीन दिवस के भीतर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। तत्पश्चात दावा आपत्ति प्राप्त न होने पर उपसंचालक महोदय शासकीय क्षेत्र मुद्रानालय में नाम परिवर्तन हेतु राजपत्र में प्रकाशन हेतु आवेदन दिया जाएगा।

सो सूचना जाने

| पुराना नाम | नया नाम |
|---|---|
| श्रीमती लक्ष्नी कोड़ोपी पति स्व. योगेश कोड़ोपी साकिन चिनौरी पो. लखनपुरी तहसील चारामा, जिला कांकेर | श्रीमती लक्ष्मी कोड़ोपी पति स्व. योगेश कोड़ोपी साकिन चिनौरी पो. लखनपुरी तहसील चारामा, जिला कांकेर |

### कांग्रेस शासन की घटिया बिल्डिंग डैनेक्स में धान खरीदने की मजबूरी

# जर्जर भवन को डिस्मेंटल कर धान रखने के लिये पंचायत बना रही शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार





दंतेवाड़ा जिले के धान उपार्जन खरीदी केंद्र नकुलनार में सालाना बम्फर धान खरीदी को देखते हुये पंचायत स्तर पर शेड निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिस निर्माण के लिये पंचायत स्वयं एजेंसी है। दरअसल ब्लाक मुख्यालय कुआकोंडा के पास उपार्जन केंद्र बनाकर धान खरीदी की जाती है। पर इस खरीदी केंद्र में हर वर्ष किसानों के धान को रखने के लिये लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जब भी धान खरीदी के दौरान मौसम बिगड़ता था तो उपार्जन केंद्र का धान भीगकर खराब होने का खतरा मंडराने लगता था। इसको देखते हुये पंचायत ने 50 साल पुराने खंडहरनुमा दो भवनों को डिस्मेंटल कर शेड बनाने का कार्य शुरू कर दिया है. भवनों को डिस्मेंटल करने की बाकायदा विभागीय अनुमति का पत्र पंचायत द्वारा 2माह पहले ही एजेंसी ने दे दिया है।

#### डैनेक्स में धान खरीदी करनी पड़ रही है

अब धान खरीदी के ऑफिस के लिये डैनेक्स की बिल्डिंग इस्तेमाल करने की मजबूरी बनी हुई है। दरअसल आपको बता दें कि डैनेक्स बिल्डिंग महिलाओं के सिलाई सीखने के लिये कांग्रेस कार्यकाल में आरईएस विभाग को एजेंसी बनाकर लगभग डेढ़ करोड़ की लागत बनाया गया था जहां डैनेक्स निर्माण हुआ उस स्थान पर पहले जनपद कार्यालय फिर स्कूली बच्चों का आश्रम चलता था जिसे उस दौर में कांग्रेस सत्तापक्ष के नेता ठेकेदार अवधेश गौतम ने डिस्मेंटल कर बना दिया था। आज इस भवन में महिलाओं के सिलाई केंद्र की जगह सब इस करोड़ी भवन में एक चाय की कैंटीन चल रही है। साथ ही वर्तमान मर धान खरीदी भी की जा रही है।

> **शेड बनाने की तैयारी चल रही**
>
> हमने विधिवत प्रक्रिया में जाकर पुराने भवन को डिस्मेंटल करने की मांग की थी, जिसके बाद किसानों के लिये शेड बनाने की तैयारी ग्राम पंचायत द्वारा की जा रही है।
>
> **रंजना कश्यप,** सरपंच नकुलनार

## कांग्रेस में पसरा सन्नाटा, जनता के साथ किए धोखे का मिल रहा फल : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

वन मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस पर इस बात को लेकर तीखा तंज कसा है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में हारने के बाद भी कांग्रेस में ऐसा एक भी नेता सामने नहीं आ रहा है, जो इस करारी हार की जिम्मेदारी ले या फिर जिम्मेदारी तय करे। कश्यप ने कहा कि इस उपचुनाव में हार के बाद कांग्रेस में एक बार फिर सन्नाटा पसरा हुआ है।



उन्होंने कहा कि पिछले साल कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में अब तक की सबसे बड़ी हार देखी और केवल 35 सीटों पर ही सिमटकर रह गई जबकि 54 सीटों के साथ भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भाजपा को वोट प्रतिशत भी सबसे ज्यादा मिला। उसके बाद इसी वर्ष के मध्य में हुए लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत सभी अपने दिग्गज पूर्व मंत्रियों को मैदान में फिर उतारा। भूपेश बघेल खुद राजनांदगांव से लड़े, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू महासमुंद से लड़े, पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया के अलावा राहुल गांधी के करीबी जो विधायक जेल में है, वह भी लड़े। ये सारे कांग्रेसी दिग्गज लोकसभा का चुनाव हार गए। उन्होंने कहा कि रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के दौरान कांग्रेस नेता यह दावे कर रहे थे कि भाजपा की सरकार काम नहीं कर रही है और कांग्रेस की इकतरफा जीत होगी, तो रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में जितना कांग्रेस को वोट नहीं मिला, उससे ज्यादा की लीड के साथ भाजपा ने यह उपचुनाव जीता है।

कश्यप ने कटाक्ष करते हुए कहा कि लगातार हार के बाद हार से कांग्रेस में सन्नाटा पसर गया है। कांग्रेस पूरी तरह से हताश-निराश हो चली है, जनता के द्वारा नकारी गई पार्टी बन गई है। विपक्ष के रूप में कोई रचनात्मक काम कांग्रेस नहीं करती और केवल छत्तीसगढ़ में उसने हिंसा फैलाने के प्रयास किए, अपराध बढाने के प्रयास किए, लेकिन अपनी बदनीयती से भरे इरादों में कांग्रेस सफल नहीं हो रही है और जनता बार-बार बार-बार कांग्रेस के गाल पर तमाचे पर तमाचे मार रही है। श्री कश्यप ने कहा कि सबसे बड़ी बात तो यह है कि कांग्रेस में कोई भी हार की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

## प्राथमिक शालाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार प्राथमिक शालाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवं शिक्षण प्रणाली में सुधार के लिए के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के कुशल मार्गदर्शन में बच्चों को मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

- अधिकारियों ने की नियमित मानिटरिंग

जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी के आदेशानुसार 5 दिसम्बर तक सम्पूर्ण भारत योजना की परिकल्पना, मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के लक्ष्य को बच्चों को कक्षा पहली से तीसरी तक भाषा-गणित में दक्षता हासिल करना है। कक्षा पहली के बच्चों को दो अक्षर वाले शब्दों को पढने 99 तक की संख्या लिख पढ लेना, कक्षा दूसरी के बच्चों को सरल वाक्यों को पढने के साथ साथ 999 तक की संख्या पहचानने, पढने-लिखने कक्षा तीसरी के बच्चों को प्रति मिनट 60 शब्दों को पढना,घडी देखने, कैलेंडर पढने 9999 की संख्या पढने-लिखने और जोडने-घटाने आना चाहिए। एफएलएन का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित प्राथमिक शाला को कक्षा एवं माह दक्षता अनुरुप प्रश्नपत्र एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना है। लर्निंग आऊटकम के प्रश्न पत्र शिक्षार्थ सुकमा द्वारा तैयार किया गया है। जिले के सुकमा,कोन्टा एवं छिन्दगढ विकास खंड अंतर्गत 110 के 750 स्कूलों और 20503 बच्चों का आंकलन सफलतापूर्वक किया गया। इस आंकलन को संकुल, विकास खंड एवं जिला स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा सतत मानिटरिंग की गयी।आंकलन रिपोर्टिंग के लिए पृथक से फार्मेट स्कूलों को दी गयी है। शिक्षक मूल्यांकन कर संकुल, विकास खंड के माध्यम से जिला को जानकारी भेजी जायेगी। तत्पश्चात जानकारी कंपाइल करके प्रोग्रेस रिपोर्ट जिला कार्यालय में जमा की जाएगी।

## प्लेसमेंट कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, सीपीआई ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों को अन्य विभाग की तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन भुगतान करने और श्रम सम्मान राशि 4000 रुपए देने की मांग को लेकर 19 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों का प्रदर्शन 17 वें दिन भी जारी रहा। आने दिनों में नगर की अन्य मूलभूत सुविधाएं भी प्रभावित होने वाले हैं। प्लेसमेंट कर्मचारियों के साथ 9 दिसंबर से सफाई मित्र और नगरीय निकाय के नियमित कर्मचारी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले हैं। इससे घर-घर कचरा कलेक्शन कार्य प्रभावित होगा साथ ही कार्यालयीन कार्यों पर भी असर पड़ेगा। सुकमा जिले के एक नगर पालिका और दो नगर पंचायत के 100 से ज्यादा कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहरों की साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शहर की करीब 60 प्रतिशत पेयजल व्यवस्था ठप हो गई है।

प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के सुकमा जिला अध्यक्ष महादेव यादव ने बताया कि प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 17 दिन से लगातार हड़ताल पर हैं। लेकिन सरकार अब तक उनकी मांगों को पूरा करने के लिए कोई बातचीत नहीं कर रही। कर्मचारियों की बात सरकार सुनने को तैयार नहीं है। संघ भी अब पीछे हटने वाला नहीं है। जब तक मांगे पूरी नहीं होती हड़ताल जारी रहेगा।

#### अनदेखी कर रही सरकार

पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने गुरुवार को कुम्हाररास ऑडिटोरियम के पास अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका समर्थन किया। उन्होंने कहा कि सरकार प्लेसमेंट कर्मचारियों के जायज मांगों की अनदेखी कर रही है। शहर की मूलभूत सुविधाएं इन्हीं कर्मचारियों के जरिए लोगों तक पहुंचती है। ऐसे में कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं करना सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। मेरी मांग है कि जल्द से जल्द कर्मचारियों की मांग को पूरा किया जाए।

## छात्राओं ने किया गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय का शैक्षिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड




शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल के कृषि विज्ञान के छात्राओ को प्राचार्य ए आर नोन्हारे के मार्गदर्शन में गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय कुम्हरावन जगदलपुर का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि एवं कृषि से जुड़े नवीनतम तकनीक पहलुओं की जानकारी प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान कृषि महाविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक, अधिष्ठाता, कृषि इंजीनियर एवं अन्य प्राध्यापको ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में लाइन से क्रमबद्ध रूप से अलग-अलग प्रयोगशालाओं, कृषि उपकरणों ,ग्राफ्टिंग ,लेयरिंग जैसे तकनीक का सजीव प्रदर्शन किया। सबसे पहले मशरूम बीज उत्पादन में उपस्थित विभिन्न तकनीक के जानकारी मार्गदर्शन द्वारा बीज तैयार करने की प्रक्रिया और खेती के तरीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। छात्राओं ने न केवल यह तकनीक अच्छी तरह से देखी बल्कि से स्वयं आजमाने का भी अवसर पाया। शिक्षक के निर्देशन में छात्राओं को तकनीकी ज्ञान, कृषि विज्ञान के प्रति नई दृष्टि विकसित की। शैक्षिक भ्रमण छात्राओं के लिए प्रेरणा प्रद रहा। भ्रमण में विभिन्न पादपो का उत्पादन के तकनीक की जानकारी ,कटिंग, लेयरिंग, ग्राफ्टिंग पौधारोपण की जानकारी माली द्वारा विस्तार से दिया गया। भ्रमण में अलग-अलग पेड़ पौधों का क्रमबद्ध करके व्यवस्थित पौधों की उपयोगिता को बतलाया गया।

## प्राकृतिक खेती व मृदा स्वास्थ्य पर जिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



कृषि विज्ञान केंद्र गीदम दंतेवाड़ा द्वारा विश्व मृदा दिवस के उपलक्ष्य में चिकपाल गांव में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों के लिए प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मृदा संरक्षण के महत्व को उजागर करना और किसानों को टिकाऊ खेती की पद्धतियों से परिचित कराना था। विशेषज्ञों ने किसानों को जैविक और प्राकृतिक खेती की तकनीकों की जानकारी दी, जिनमें जीवामृत, घनजीवामृत, और प्राकृतिक कीटनाशकों का उपयोग शामिल है। किसानों को बताया गया कि किस प्रकार रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मृदा की उर्वरता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और इसे जैविक विधियों से कैसे पुनर्जीवित किया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण कुमार निषाद वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, केवीके दन्तेवाडा, ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग और लाभों पर विशेष चर्चा की। उन्होंने बताया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को उनकी भूमि की मृदा की गुणवत्ता, पोषक तत्वों की कमी, और आवश्यक सुधारों की जानकारी प्रदान करता है। यह किसानों को फसलों के लिए सही पोषण प्रबंधन अपनाने में मदद करता है। किसानों ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान गहन रुचि दिखाई और मृदा स्वास्थ्य कार्ड को समझने और अपने खेतों में प्राकृतिक खेती के तरीकों को अपनाने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण के अंत में किसानों को जैविक खाद बनाने की सामग्री वितरित किए गए।

### नवनिर्वाचित प्रांताध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की भेंट

गीदम। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर ने बताया कि शिक्षक संघ के संगठन मंत्री ओंकार सिंह के नेतृत्व में संगठन के नव निर्वाचित पदाधिकारीयों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने संगठन के समस्त नव निर्वाचित पदाधिकारीयों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। वे राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तथा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास शिक्षकों के माध्यम से ही होता है। आप सब प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक आगे बढ़ाए।

## संविधान रक्षक अभियान लेकर गांव-गांव पहुंच रही कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा



पूर्व मंत्री कोंटा विधायक कवासी लखमा व पूर्व चित्रकूट राजमन बेंजाम ने कोंटा विश्राम गृह में प्रेसवार्ता ली। इस दौरान कवासी लखमा ने कांग्रेस द्वारा चलाई जा रही, संविधान रक्षक अभियान की जानकारी देते हुए भाजपा को आड़े हाथों लिया। लखमा ने कहा बीते 10 वर्षों में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने संविधान और उसमें निहित विचारों को कमजोर करने का हरसंभव प्रयास किया है। भाजपा सरकार की कार्रवाइयों से यह स्पष्ट है कि वे अंततः संविधान के मूल सिद्धांतों को बदलना चाहते हैं और सामाजिक न्याय की अवधारणा से दूर जाना चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी संविधान में निहित वादों के प्रति समर्पित है और संविधान रक्षक अभियान संविधान की सुरक्षा और संरक्षण के लिए एक और प्रयास है ताकि भारतीय नागरिकों के अधिकारों की पुनर्स्थापना की जा सके। अगले 60 दिनों में पार्टी जनता के बीच निम्नलिखित विषयों को उजागर करने का प्रयास करेगी। प्रत्येक विषय पर 10 दिन समर्पित प्रभावी संदेशों का ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों तथा रैलियों व घर-घर संपर्क कर विरोध प्रदर्शन कर मीडिया सहभागिता और जमीनी चर्चाओं जैसे अभियानों के माध्यम से अपनी बात रखेगी। अपने अभियान के दौरान कांग्रेस भाजपा पर भारी असमानता तथा बीते दस वर्षों में समानता की बाधाओं को दूर करने, कुछ नही करने की बात कहते हुए संविधान की अवधारण के बिल्कुल विपरीत बताया। लखमा ने जातिगत जनगणना का कार्यान्वयन सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में वास्तविक स्थिति का सही डेटा प्रदान करेगा कहते हुए, प्रभावी आरक्षण की अवधारण को आगे बढ़ाने में मदद करेगा,तथा आरक्षण के पचास प्रतिशत की सीमा को वर्तमान सामाजिक और आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए बढ़ाने की आवश्यकता कही।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता 14 को

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत प्रथम वर्ष राज्य स्तरीय रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता 14 दिसबंर को नव युवक-युवती समिति दुर्गुकोंदल के तत्वावधान में किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष महत्तम दुग्गा ने बताया कि यह कार्यक्रम ब्लॉक मुख्यालय मे पहली बार राज्य स्तरीय प्रोग्राम रखा गया हैं, जिसमे क्षेत्र के समस्त जनपद प्रतिनिधि, सरपंच, व्यापारी संघ, समस्त माइंस, परिवहन संघ, समस्त ट्रांसपोटरों के सहयोग से आयोजित होने जा रही हैं। समस्त प्रतिभागी अपना पंजीयन 12 दिसबंर गुरुवार तक समिति मे करवा ले। समिति के उपाध्यक्ष राहुल नरेटी, रंजना दुग्गा, कविता टेकाम, सचिव कौशल जैन, सह सचिव दीपक जैन, कोसाध्यक्ष गैदलाल लावतरे, कार्यकारिणी सदस्य लता नरेटी, सोनी मंडावी, सितु मंडावी, योगिता दुग्गा, नरेंद्र जैन, सोमल जैन, तुसार ठाकुर, युगेश मरकाम, प्रकाश उइके, अमन सिंह, सतीश मंडावी, अविनाश सिन्हा, रिंकू पारख, सदस्य योगेश सोम, संजू मलिक, जोगेंद्र दुग्गा, फूलसिंह मंडावी, राहुल श्रीवास्तव, हरेंद्र नाग तैयारी में लगे हुए है।

### बाइक की ठोकर से सायकिल सवार हुआ घायल, रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम मचांदुर के नाका पास आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एक्यू 2791 के चालक धमतरी निवासी राकेश रजक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर सायकल सवार को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ने ईलाज के बाद चारामा थाना में आरोपी चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया। सड़क दुर्घटना की शिकायत करने पहुंचे बालोद जिला के पुरूर थानांतर्गत ग्राम कोचवाही निवासी 52 वर्षीय मुकेश घरत पिता गजानंद घरत ने पुलिस को बताया कि 10 जुलाई को शाम 5 बजें सायकल से मचांदूर नाका में काम करने जा रहा था। मचांदूर नाका के पास धमतरी की ओर से आ रही मोटर सायकल सीजी 05 एक्यू 2791 के चालक आरोपी राकेश रजक पिता चंदूकांत रजक अपनी मोटर सायकल को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर ऐक्सीडेंट कर दिया, जिससे मैं सायकल सहित रोड में गिर गया एवं सायकल क्षतिग्रस्त हो गया। मेरे कमर एवं जंघा में चोट लगा। एक्सीडेंट से मेरे जंघा की हड्डी टूट गया था, जिसका ईलाज के बाद थाना में रिपोर्ट कर रहा हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 125 (बी), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### बिना अनुमति खनिज परिवहन पर होगी कार्रवाई

**जगदलपुर।** भूमि सुधार-तालाब निर्माण कार्यों के दौरान निकले गौण खनिज मुरूम, मिट्टी को परिवहन करने हेतु नियमानुसार खनिज विभाग से अनुमति लेकर परिवहन किया जाना है। खनिज अधिकारी शिखर चेरपा ने बताया कि प्रायः यह देखने को आया है कि निजी भू-स्वामी द्वारा कराये गये भूमि सुधार-तालाब निर्माण इत्यादि कार्यों के दौरान निकले गौण खनिज मुरूम, मिट्टी को परिवहन करने की सहमति एवं ग्राम पंचायत से अनापत्ति लेकर खनिज का परिवहन करना प्रारम्भ कर देते हैं। इस प्रकार कलेक्टर से बिना अनुमति लिए खनिज का परिवहन करना छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 59 का उल्लंघन है।

### पेंशनर्स महासंघ ने की भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से भेंट

**जगदलपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का प्रतिनिधि मंडल संभागीय अध्यक्ष राम नारायण ताटी के नेतृत्व में गुरुवार को विधायक कार्यालय में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं के विधायक किरण सिंह देव से भेंट कर बीते एक वर्ष की सफलतम कार्यकाल के लिए उन्हें संगठन की ओर से बधाई प्रेषित की। महासंघ के लिए कार्यालय के लिए कोई खाली पड़े शासकीय भवन को आबंटन कराने की मांग भी की गई। विधायक ने खाली भवन की जानकारी देने पर तत्काल आबंटन कराने की बात कही।

दिवस : विश्व दिव्यांगता दिवस पर खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

# दिव्यांग बच्चों में सामान्य की अपेक्षा कुशलता व ऊर्जा होती है अधिक : नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर






समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा के तहत जिले के शालाओं में अध्यनरत कक्षा पहेली से 12वीं तक के दिव्यांग बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने, सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय स्पोर्ट्स इवेंट खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कोदाभाट में किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम शामिल हुए और सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चे सामान्य बच्चों की अपेक्षा अधिक कुशल व ऊर्जावान वाले होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चे अपनी दिव्यांगता को कभी भी कमजोरी न समझें, बल्कि उसे अपना ढाल बनाकर आगे बढ़ें।

इवेंट का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मत्स्य बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा और विशिष्ट अतिथि के तौर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष रामचरण कोर्राम कोदाभाट सरपंच उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी सातों विकासखण्डों से 164 व श्रवण एवं दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय कोदाभाट के 50 इस प्रकार कुल 214 दिव्यांग बच्चे शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में विकासखण्ड अंतागढ़ के 26, भानुप्रतापपुर के 16, चारामा के 14, दुर्गूकोंदल के 14, कांकेर के 43, नरहरपुर के 37, कोयलीबेड़ा के 14 एवं श्रवण दृष्टि बाधित विद्यालय कोदाभाट से 50 बच्चें शामिल हुए। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के लिए रंगोली, चित्रकला, 100 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, लम्बी कूद, मिश्रित मोतियों को अलग करना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार प्रतिभा को साबित करते हुए प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अतिथियों में डीएमसी रवि प्रकाश मिश्रा एवं खंड शिक्षा अधिकारी केजूराम सिन्हा उपस्थित रहे। आयोजित प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर दौड़ बालक में प्रथम मलसाय नेताम, द्वितीय संजू कुमार और बालिका वर्ग में प्रथम गुंजन गावड़े, द्वितीय प्रियंका मण्डावी रहीं। कुर्सी दौड़ में प्रथम हिमांशु कोड़ोपी, द्वितीय अनिल कुमार उइके और दृष्टि बाधित बच्चों के लिए मिश्रित मोतियो को अलग करने में प्रथम पायल तथा पीहू द्वितीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार से माध्यमिक बालक वर्ग लम्बी कूद में प्रथम डेविड मोरे, द्वितीय रोहन सलाम, बालिका वर्ग में प्रथम सौम्या चक्रधारी, द्वितीय भवनी रसिया, 100 मीटर दौड़ में प्रथम जितेन्द्र विश्वकर्मा, द्वितीय राजेश नाग, बालिका वर्ग में निशा तुलानी प्रथम व आकृति राय द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के चित्रकला, पेन्टिग, रंगोली, एकल, सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया, जिसमें चित्रकला में प्रथम रियानी नेताम, द्वितीय लिजिया पुजारी और रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम ईवानी हिचामी एवं द्वितीय गीतांजली कुलदीप रहीं। अतिथियों ने विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया।

## आरईएस एसडीओ दो दिनों में नहीं हटाया तो करेंगे आंदोलन

**जनप्रतिनिधियों ने लगाए आरोप और सौंपा ज्ञापन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर क्षेत्र के सरपंच और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आरईएस विभाग के एसडीओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए दो दिवस के अंदर हटाने अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा है। एसडीओ को नहीं हटाने पर आंदोलन किए जाने की बात कही है।

भानुप्रतापपुर विकासखंड के सरपंच व स्थानीय जनप्रतिनिधी ज्ञापन सौंपने एसडीएम कार्यालय पहुँचे थे और ज्ञापन सौंपने के उपरांत मीडिया से बात करते हुए कहा कि जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत में शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को उप अभियंता व तकनीकी सहायक द्वारा स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्यो को ले आउट दिया जाता है और समय-समय पर कार्यों का निरीक्षण किया जाता है, परंतु कार्य पूर्ण होने पर एसडीओ भानुप्रतापपुर आरईएस के द्वारा सत्यापन के लिए पैसो की मांग किया जाता है। सरपंचों द्वारा निवेदन करने के पश्चात भी हम जनप्रतिनिधियों को धमकी देकर पुनः उच्च अधिकारी से जांच करने की बात कही जाती है, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि संबंधित अधिकारी को हटाने के लिए दो दिवस का समय दिया गया है अन्यथा तीसरे दिवस से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि एसडीओं का आतंक बढ़ गया है, जिससे पूरे क्षेत्र के पंचायत के प्रतिनिधि परेशान हो गए है।

ज्ञापन सौंपने वाले सरपंच व जनप्रतिनिधियों के द्वारा एसडीओ पर लगाए गए आरोप के बारे में एसडीओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो पाया।

## खंड शिक्षा अधिकारी की टीम ने स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता की ली जानकारी



- कम सीखने वाले बच्चों के लिए उपचारात्मक कक्षा के बारे में जाना

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोदल अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी दुर्गूकोंदल एसपी कोसरे की टीम द्वारा प्रामा व हायर सेकेण्डरी शालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण में शाला भवन की रखरखाव के साथ सुंदर रंग रोगन कराकर आसपास की सफाई करने का निर्देश दिया गया। शालाओं शिक्षा गुणवत्ता की जांच किया गया। छात्रों व शिक्षकों से बात कर विषयों मे होने वाली कठिनाइयों व उनकी आवश्यक जरुरतों के बारे में जाना एवं उनको जल्द पूरा करने निर्देश दिया गया।

निरीक्षण में सहा खंशिअ द्वारा हाई व हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा की तैयारी के बारे मे छात्रों व शिक्षकों से चर्चा किया। इसके साथ ही बच्चों को हर कदम पर नया करने नियमित अध्ययन करने समझाइश दी। कम सीखने वाले बच्चों के लिए उपचारात्मक कक्षा की जानकारी ली गई। सभी बच्चों को बोर्ड परीक्षा मे अच्छे अंक लाने प्रोत्साहित भी किया गया, उचित मार्गदर्शन दिया गया। शालाओं मे संचालित मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की भी समुचित जाच किया व भोजन साफ व स्वादिष्ट बनाने निर्देश दिया गया।

टीम द्वारा प्रामा व हायर सेकेण्डरी मेडो एवं परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 सरस्वती शिशु मंदिर दुर्गूकोंदल, प्राशा पुजारी पारा, माशा हाटकोंदल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल हाटकोंदल का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया व जो कमियाँ मिले उसे पंद्रह दिवस मे दुरुस्त करने कहा गया। बीईओ की टीम में शशि सिंह, लतीफ सोम, बलराम भोर, रामचंद्र दुग्गे रहे।




## चिराग परियोजना पर उद्यानिकी विभाग ने किया प्रशिक्षण शिविर

**सरोना।** जिले में चिराग परियोजना के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला परियोजना प्रबंधन इकाई के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें ग्राम पंचायत धनेसरा, देवरीबालाजी, पेंड्रावन और अभनपुर के 220 किसानों और आजीविका समूह के सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को न्यूट्रीशन, सपोर्टिव और रिसिलिएंट हॉर्टिकल्चर (सहायक और लचीली बागवानी) के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इसमें कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ उपेन्द्र कुमार नाग, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी घृत कश्यप, राजेंद्र साहु, पुष्पराज सेठिया और सुभ्रांसु पांडा ने अपनी विशेषज्ञता साझा किया। प्रशिक्षण में पोषण बाड़ी, जैविक खेती, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, नर्सरी प्रबंधन, बीज उपचार, और उद्यान की फसलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसके अलावा, फसल बीमा, केसीसी (और ऑयल पाम की खेती के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर का आयोजन चिराग परियोजना द्वारा किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया गया, जिससे वे अपनी फसलों की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार कर सकें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगा और इस क्षेत्र में कृषि विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## महतारी वंदन योजना की राशि महिला का सुरक्षा कवच, बनी रहीं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शासन की छोटी सी मदद से किसी व्यक्ति के जीवन में बड़ा बदलाव आ सकता है। इसका ज्वलंत उदाहरण जिले के नरहरपुर ब्लॉक के गांव सरोना की रहने वाली पुष्पा यादव का जीवन है। तीन सदस्यीय छोटे से परिवार की रोज़ी-रोटी एक छोटे से होटल से चलती है, जिसे पुष्पा अपने पति विजय यादव व बेटे मानस के साथ मिलकर संभालती हैं। उनके इस व्यवसाय को महतारी वंदन योजना से चार चांद लग गए हैं, क्योंकि इस राशि से अपना छोटा सा होटल का व्यवसाय चलाने के लिए बड़ी मदद मिल रही है।

पुष्पा यादव ने बताया कि होटल के साथ-साथ सीमित आय में परिवार की ज़रूरतें पूरी करना आसान नहीं था। ऐसे में महतारी वंदन योजना उनके जीवन में उम्मीद की नई रोशनी लेकर आई। उन्होंने बताया कि इस योजना से अब तक दस किश्तों में कुल 10 हजार रुपये मिल चुके हैं। इसकी पहली किश्त से उन्होंने होटल के लिए राशन व अन्य सामान खरीदा और बाकी किश्त की राशि में से कुछ का उपयोग जरूरी खर्चों में उपयोग किया और बाकी राशि को अपने खाते में बचत के रूप में जमा किया। पुष्पा बताती हैं हमारी मेहनत से हमारे होटल का काम धीरे-धीरे चल रहा है। महतारी वंदन योजना से मिली सहायता से न केवल हमारा काम आसान हुआ है, बल्कि मुझे अपने बेटे और परिवार के भविष्य को लेकर अब और भी उम्मीदें हैं। अपने परिवार के भविष्य को लेकर पहले असुरक्षित महसूस करती थी, इस योजना से न केवल आर्थिक सुरक्षा मिली, बल्कि आत्मनिर्भर बनने का साहस भी मिला।

## रासेयो छात्रों ने भैसमुड़ी में कुंड की सफाई की और दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

शासकीय महाविद्यालय सरोना के एनएसएस द्वारा ग्राम भैसमुड़ी में आयोजित एनएसएस शिविर के दौरान एक ऐतिहासिक पहल की गई। छात्रों ने गांव के प्राचीन गढ़िया बाबा के कृपा से बने कुंड के आसपास सफाई अभियान चलाया। ग्रामीणों के अनुसार यह कुंड प्राचीन काल से स्थापित है और गढ़िया बाबा की कृपा से यहां 12 महीने पानी रहता है, जो जंगल में रहने वाले वन्य जीवों के लिए भी बेहद लाभकारी है। इस कुंड की सफाई से आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और पर्यावरण के लिए सुरक्षित बनाने में मदद मिली है। अभियान में ग्राम पंचायत उप सरपंच महेंद्र पाल मंडावी, महेश वट्टी, नरेंद्र वट्टी, देवानंद वट्टी, रामेश्वर नेताम और एनएसएस अधिकारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। इस कदम से गांववासियों ने गढ़िया बाबा के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए एनएसएस टीम को धन्यवाद दिया और इसे एक सकारात्मक पहल मानते हुए पूरे क्षेत्र में पर्यावरणीय बदलाव की उम्मीद जताई। यह पहल न केवल गांव की सफाई को बढ़ावा देती है, बल्कि स्थानीय समुदाय और छात्रों के बीच मिलजुल कर कार्य करने की भावना को भी मजबूत करती है।

## पीएम आवास नींव त्योहार का आयोजन

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर के 52 ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना नींव त्यौहार जनप्रतिनिधियों एवं हितग्राहियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम पंचायत कोरर में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव भी शामिल हुए। विकासखण्ड भानुप्रतापपुर में 4079 प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण स्वीकृत किए गए है, जिन्हे तीन माह में पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त कार्य जनपद स्तर से नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर सतत निरीक्षण किया जा रहा है। वर्तमान में 3828 आवासों का प्रथम किस्त जारी किया गया है। 2150 आवास प्रारंभ है, शेष आवास को जल्द ही प्रारंभ करने की तैयारी की जा रही है। सीईओ अशोक ठाकुर, आरएस. भास्कर, शत्रुधन कुंजाम, रामगोपाल वट्टी, खिलेश जैन ब्लॉक समन्वयक, सभी तकनीकी सहायक नोडल के रूप में गांव में भ्रमण कर नींव त्यौहार में सम्मिलित हुए तथा सभी सरपंच ग्राम पंचायत सचिव रोजगार सहायक, आवास मित्र समय सीमा में सभी आवासों को पूर्ण कराने में पूरी क्षमता से जुटे हुए है।

### मॉर्निंग वॉक में दो युवकों से लूट व चाकू से हमला, आरोपी फरार

**चारामा।** चारामा के ग्राम रतेसरा और कोचवाही में सुबह टहलने निकले दो युवकों पर चाकू से हमला कर नकाबपोश बदमाशों ने दोनों युवकों को लूट लिया। लूटपाट की घटना ने ग्राम रतेसरा और कोचवाही में सनसनी फैला दी है। तीन नकाबपोश बाइक सवारों ने इस वारदात को अंजाम देकर इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। जानकारी के अनुसार युवक योगेश्वर कांगे सुबह सैर के लिए निकला था। इसी दौरान तीन नकाबपोश बाइक सवार वहां पहुंचे और पेट्रोल पंप का पता पूछने के बहाने उससे बातचीत करने लगे। जैसे ही उसने उन्हें जानकारी दी, बदमाशों ने अचानक उस पर हमला कर दिया और पैसे व मोबाइल छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर चाकू मारकर उसे घायल कर दिया गया। इसके बाद हमलावरों ने कोचवाही के पास एक 17 वर्षीय नाबालिग युवक को भी अपना शिकार बनाया। नाबालिग पर चाकू से हमला कर उसके पास से दो मोबाइल फोन छीन लिए। नेशनल हाईवे पर हो रही ऐसी घटनाओं ने स्थानीय निवासियों में डर और आक्रोश पैदा कर दिया है। लगातार बढ़ती वारदातों से लोग सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे।

## भुसकी में पीएम आवास के लिए हुआ भूमिपूजन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरीश मडावी के अध्यक्षता में ग्राम पंचायत साधुमिचगाव के आश्रित ग्राम भुसकी में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नींव त्यौहार मनाया गया, जिसके अंतर्गत कुल 383 प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास का भूमि पूजन कर नीव खुदाई प्रारंभ किया गया। ज्ञात हो कि विकासखंड दुर्गुकोंदल में कुल 4371 प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्राप्त हुई है। विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायतों में यह कार्य प्रगति पर चल रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन निर्माण का निरीक्षण किया गया और निरीक्षण के दौरान कार्यों में प्रगति गुणवत्ता एवं हितग्राहियों को जल्दी से जल्दी बनाने की बात जिला पंचायत के सीईओ ने कही। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्गुकोंदल के सुरेंद्र बंजारे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी आशीष सोनकर, प्रधानमंत्री आवास योजना के समन्वय प्रमोद ठाकुर, सरपंच कलिता आचला सचिव हितग्राही एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कांग्रेस सत्ता की लोभी, केवल विकास की बातें करने में उस्ताद

# कांग्रेस की जमीन प्रदेश में खिसक, इस कारण अनाप-शनाप बयानबाजी : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान गरीबों के साथ अन्याय किया । गरीबों के सर से छत छीनने, गरीबों के चावल, उनके हक पे डाका डालने का काम किया, गरीबों के कामों को रोक कर रखा। इस बात पर कांग्रेस को जनता से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए उक्त बातें वन एवं पर्यावरण, कौशल विकास, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने स्थानीय विश्रामगृह कांकेर में कही । वन मंत्री केदार कश्यप बस्तर संभाग के भाजपा के संभागीय संगठन प्रभारी, सह प्रभारी, भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायकों की बैठक में शामिल होने 5 दिसंबर को कांकेर पहुंचे थे । उन्होने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस जन हितैशी होने का सिर्फ ढोंग करती है। इनकों जनता के दुख दर्द से कोई लेना देना नही है । कांग्रेस सत्ता लोभी है। उन्होने कहा कि छग में जब से विष्णु देव की सरकार आयी है, हमने सुशासन के लिए कार्य किया है । हमारी पहली प्राथमिकता गरीबों के रूके हुए काम व छग का विकास है। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए बए गारंटी के अनुरूप कार्य छग की सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने मात्र एक वर्ष के दौरान इतनी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है, वो देश के सभी राज्यों के लिए एक मिशाल है। कांग्रेस द्वारा धान खरीद केन्द्रों में जाने के सवाल पर कहा कि अपने शासन के दौरान कांग्रेसी कभी धान खरीदी केन्द्रों पर तो गए नही यदि अभी जा रहे है तो उनका स्वागत है। कांग्रेसी जाकर देखे की भाजपा की सरकार में किस प्रकार पारदर्शिता और व्यवस्था के साथ धान खरीदी हो रही है। उन्होने कांग्रेस सरकार के समय धान खरीदी की बात करते हुए कहा कि हम लोग धान खरीदी केन्द्र फरसगांव गए थे, जहां माटीपुत्र किसानों के पेट पर लात मारी गई, उन पर लाठी चार्ज किया गया, तब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज आंख में पट्टी बांधे हुए थे और कांग्रेस पार्टी सोयी पड़ी थी। कांग्रेस ने प्रदेश के धरती पुत्रों को बारदाने तक के लिए तरसाया और आज सत्ता खोने के बाद किसान हितैषी होने का ढोंग कर रहे है। छग सरकार जनता के हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हम हर गारंटी को पूरा करेंगे। उन्होने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की जमीन खिसक चुकी है। आगामी नगरीय निकास व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा पूरे प्रदेश में विजय का परचम लहरायेगी क्योंकि आज जनता भाजपा के साथ है।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत छोटेबेठिया निवासी 52 वर्षीय रतिराम नेताम ने 3 दिसंबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। छोटेबेठिया निवासी गनिता नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज